संशोधन आदेश

संख्या- 172 /2022/ 1793 /चार-2022

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक 06 सितम्बर, 2022**

विषय:- आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा अभियान' के दौरान कराये जाने वाले अतिविशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया शासनादेश संख्या- 161/2022/1639/चार-2022 दिनांक 11 अगस्त, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश दिनांक 11 अगस्त, 2022 में उप प्रस्तर-(7) के रूप में निम्नलिखित बिन्दु का समावेश किया जाता है:-

(7) प्रश्नगत धनराशि जनपदों में गठित जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद को उपलब्ध करायी जायेगी।

3. शासनादेश संख्या- 161/2022/1639/चार-2022 दिनांक 11 अगस्त, 2022 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या - 172 /2022 / 1793 (1)/चार-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in